Class - B.A - III (Honours)
Paper - V
Lecture-1

Prof. Khushbu Kumari,
Guest Teacher
Dept. of Political Science,
V.S. J. College, Rajnagar,
Madhubani (LNMU)

Topic - लोक प्रशासन (अर्थ)

लोक प्रशासन आधुनिक राज्य का एक अनिवार्य तत्व है। जिस गति के साथ विविध क्षेत्रों में विकास के कार्य हो रहे हैं, उसी क्रम से नये-नये संगठनों का निर्माण और उनके संचालन के लिए प्रशासकों की जिम्मेदारियाँ भी बढ़ रही है। लोकप्रशासन मुख्य रूप से सरकारी कार्यकलापों में प्रयुक्त तन्त्र एवं प्रक्रियाओं से सम्बन्ध रखता है। विश्व के प्रत्येक देश में लोकप्रशासन का महत्व एवं प्रभाव देखने को मिलता है। वस्तुतः विश्व की कोई भी सरकार प्रशासन के बिना कार्य नहीं कर सकती है। आधुनिक समय में लोककल्याणकारी राज्य के उदय ने लोकप्रशासन के दायित्व को और बढ़ा दिया है। उसका आकार विशाल हो गया है और जनजीवन पर उसका व्यापक प्रभाव पड़ने लगा है।

प्रशासन का अर्थ :-

प्रशासन शब्द के लिए अंग्रेजी में Administration शब्द का प्रयोग किया जाता है। यह Ad+ ministrere (लैटिन) से बना है। इसका मूल अभिप्राय एक व्यक्ति के द्वारा दूसरे व्यक्ति के हित की दृष्टि से उसकी सेवा का कोई कार्य करना है।

एनसाइक्लोपीडिया ब्रिटानिका में प्रशासन शब्द की व्याख्या इस प्रकार की गई है कि "यह कार्यों के प्रबन्ध अथवा उनको

पूर्ण करने की एक क्रिया है"
साइमन के अनुसार, "अपने व्यापक रूप में प्रशासन की व्याख्या उन समस्त सामूहिक क्रियाओं से की जा सकती है जो सामान्य लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहयोगात्मक रूप में प्रस्तुत की जाती है।"
निग्रो के अनुसार, "प्रशासन लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मनुष्य तथा सामग्री दोनों का संगठन है।"
लूथर गुलिक के अनुसार, "प्रशासन का सम्बन्ध कार्यों को सम्पन्न कराने से है जिससे कि निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया जा सके।"
इन परिभाषाओं के आधार पर हम प्रशासन के निम्नलिखित तत्व बता सकते हैं —
(1) इसमें एक से अधिक व्यक्तियों के सहयोग की भावना से काम करना है।
(2) प्रशासन किसी विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया जाने वाला कार्य है।
(3) यह उद्देश्य इस क्रिया में भाग लेने वाले व्यक्तियों के उद्देश्य से भिन्न है।
(4) प्रशासन संगठित होकर काम करना है।
(5) प्रशासन करने वाले व्यक्ति के पास प्राधिकार का होना आवश्यक है। इसी के आधार पर वह दूसरों से किसी कार्य में सहयोग लेता है।

## लोक प्रशासन : अर्थ

लोक प्रशासन प्रशासन का एक बड़ा और महत्वपूर्ण भाग है। लोक प्रशासन दो शब्दों से मिलकर बना है — लोक तथा प्रशासन। लोक का अर्थ है — सार्वजनिक या सारी जनता से सम्बन्धित सरकारी प्रशासन।

लोक शब्द यह सूचित करता है कि प्रशासन लोगों के लिए किया जाता है इसका उद्देश्य जनता के हित के लिए प्रशासन करना है। प्रशासन का अर्थ है— किसी कार्य व्यापार का प्रबन्ध। अतः लोकप्रशासन के अन्तर्गत सरकार द्वारा सार्वजनिक या लोकहित के कल्याण के लिए किये गये कार्यों का प्रशासन सम्मिलित है।

## पारम्परिक एवं आधुनिक अर्थ :-

द्वितीय विश्वयुद्ध से पूर्व लोकप्रशासन को पारम्परिक रूप से देखा गया। इसे सरकार और मुख्यतः कार्यपालिका तक सीमित माना गया। लोकप्रशासन को नीति के क्रियान्वयन से सम्बन्धित माना गया, नीति निर्माण इसके क्षेत्र से बाहर माना गया। लोकप्रशासन को निजी प्रशासन से भिन्न माना गया। इसका अध्ययन क्षेत्र सीमित तथा इसे सरकारी संगठनों की संरचना का अध्ययन करने वाला विषय समझा गया।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद इसके अध्ययन को व्यापकता देते हुए इसमें सम्पूर्ण सरकार के क्रियाकलाप शामिल किये गये। इसमें नीति क्रियान्वयन के साथ-साथ नीति-निर्माण पर भी जोर दिया गया। प्रशासन राजनीति द्वैतभाव, लोक एवं निजी प्रशासन के अन्तर के बजाय 'लोक प्रबन्ध' का रूप ग्रहण करते हुए व्यावसायिक सरकार का स्वरूप ग्रहण कर लिया।

Khushboo Kumari
11th July 2020